卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहिं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 241 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦ 7 जून 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# अल्मोड़ा का लाल देश के लिए शहीद

## राजौरी में आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान लेफ्टिनेंट बीरेश्वर गोस्वामी ने दिया सर्वोच्च बलिदान

अल्मोड़ा (संवाददाता)। जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में चल रहे आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान उत्तराखंड के अल्मोड़ा निवासी भारतीय सेना के युवा अधिकारी लेफ्टिनेंट बीरेश्वर गोस्वामी शहीद हो गए। उनकी शहादत की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सेना के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और आम लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बलिदान को नमन किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लेफ्टिनेंट बीरेश्वर गोस्वामी जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले के मंजाकोट क्षेत्र में चल रहे आतंकवाद विरोधी अभियान 'ऑपरेशन शेरोवाली' में तैनात थे। अभियान के दौरान वह अपने दल के साथ घने जंगलों और दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। इसी दौरान वह एक गहरी खाई में गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। साथी जवानों ने तत्काल उन्हें सुरक्षित निकालकर चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराई, लेकिन उपचार के दौरान उन्होंने वीरगति प्राप्त कर ली। सेना के अनुसार जिस क्षेत्र में अभियान चलाया जा रहा था वह अत्यंत दुर्गम और चुनौतीपूर्ण है। घने जंगल, खड़ी चट्टानें, ऊबड़ खाबड़ रास्ते और प्रतिकूल मौसम के कारण अभियान को संचालित करना बेहद कठिन था। क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना के बाद पिछले कई दिनों से लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था। भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर ने लेफ्टिनेंट बीरेश्वर गोस्वामी की शहादत पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। सेना ने कहा कि देश की सुरक्षा और कर्तव्य पालन के दौरान दिया गया उनका सर्वोच्च बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा। सेना के प्रवक्ता के अनुसार शहीद अधिकारी का पार्थिव शरीर जम्मू एयरफोर्स स्टेशन लाया जाएगा, जहां सेना और नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद पार्थिव शरीर को (शेष पृष्ठ सात पर)



# सेल्फी लेते समय गंगा में बहा सॉफ्टवेयर इंजीनियर

ऋषिकेश (संवाददाता)। कौड़ियाला क्षेत्र में गंगा किनारे सेल्फी लेना एक पर्यटक को भारी पड़ गया। गाजियाबाद निवासी एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर गंगा नदी के तेज बहाव में बह गया। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस और एसडी आरएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर खोजबीन शुरू कर दी, लेकिन देर शाम तक पर्यटक का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस के अनुसार गाजियाबाद और फरीदाबाद से दो परिवार उत्तराखंड घूमने आए थे। दोनों परिवार कौड़ियाला स्थित एक होटल में ठहरे हुए थे। शनिवार शाम सभी लोग होटल के समीप गंगा घाट पर घूमने और फोटो खिंचवाने पहुंचे थे। इसी दौरान (शेष पृष्ठ सात पर)



# चारधाम यात्रा मार्ग पर बस पलटी, चार घायल

टिहरी गढ़वाल। ऋषिकेश श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार सुबह तोताघाटी के पास चारधाम यात्रियों से भरी एक बस दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में कुछ यात्रियों को चोटें आई हैं, जबकि बस में सवार अन्य सभी यात्री सुरक्षित बताए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे जिला आपदा नियंत्रण कक्ष टिहरी को सूचना मिली कि तोताघाटी के समीप एक यात्री बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम निरीक्षक कविंद्र सजवाण के नेतृत्व में ढालवाला और ब्यासी पोस्ट से तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। मौके पर पहुंची राहत एवं बचाव टीम ने पाया कि बदरीनाथ से ऋषिकेश की ओर आ रही बस संख्या यूके 04 पीए 0418 सड़क पर पलटी हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बस के ब्रेक फेल होने के कारण यह दुर्घटना हुई। दुर्घटना के समय बस में कुल 39 यात्री सवार थे, जो चारधाम यात्रा से लौट रहे थे। हादसे में तीन से चार यात्रियों को सामान्य चोटें आईं। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद 108 एंबुलेंस सेवा के माध्यम से ऋषिकेश अस्पताल भेजा गया। राहत की बात यह रही कि दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और अधिकांश यात्री सुरक्षित रहे। एसडीआरएफ की टीम ने घटनास्थल (शेष पृष्ठ सात पर)



# नदी में गिरी चारधाम यात्रियों की कार, पांच घायल

## कार में बंगाल के पांच यात्री थे सवार, दो महिलाएं गंभीर घायल

रुद्रप्रयाग (संवाददाता)। चारधाम यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं की एक कार रविवार सुबह तिलवाड़ा क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क से करीब 50 मीटर नीचे नदी किनारे जा गिरी। वाहन में सवार पांचों यात्रियों को पुलिस, एसडीआरएफ और अन्य राहत एजेंसियों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हादसे में दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हुई हैं, जबकि चालक सहित तीन अन्य यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि तिलवाड़ा पेट्रोल पंप के निकट एक कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे नदी की ओर जा गिरी है। सूचना मिलते ही चौकी तिलवाड़ा और कोतवाली अगस्त्यमुनि से पुलिस टीम आवश्यक राहत एवं बचाव उपकरणों के साथ मौके पर पहुंची। साथ ही एसडीआरएफ, डीडीआरएफ और 108 आपातकालीन सेवा की टीमों को भी घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। दुर्घटनाग्रस्त वाहन महिंद्रा एक्सयूवी 700 संख्या यूपी 16 डीके 0856 था, जिसमें पांच यात्री सवार थे। सभी यात्री पश्चिम बंगाल से केदारनाथ धाम की यात्रा पर जा रहे थे। दुर्घटना के बाद वाहन नदी किनारे पानी में फंस गया था। राहत एवं बचाव टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते (शेष पृष्ठ सात पर)



# तीन घंटे में दबोचा बाईक चोर

रूद्रपुर/बाजपुर (संवाददाता)। वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत बाजपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोटर साइकिल चोरी की घटना का मात्र तीन घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने चोरी की बाइक बरामद करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 6 जून को मोबीन अहमद पुत्र मोहम्मद यामीन निवासी सरकरा, बाजपुर ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह उपचार के लिए आयुष्मान अस्पताल बाजपुर आए थे। इस दौरान उन्होंने अपनी एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल संख्या यूके (शेष पृष्ठ सात पर)



# मंदिरों में हुई चोरियों का खुलासा, दो गिरफ्तार

## हजारों की नगदी और सामान बरामद, दो फरार

काशीपुर (उद संवाददाता)। पुलिस ने नगर क्षेत्र में तीन मंदिरों से हुई चोरी का खुलासा करते हुए कबाड़ी व एक चोर को गिरफ्तार कर मंदिर से चोरी हुआ सामान समेत हजारों की नकदी बरामद की है। जबकि दो चोर अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।आज मंदिर में हुई चोरियों का खुलासा करते हुए सीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि बीती 26 मई को नागर शक्ति मंदिर व 31 मई की मध्यरात्रि गंगे बाबा मंदिर व नागनाथ मंदिर में चोरों ने धाबा बोलकर मंदिर से कलश, नाग, घंटिया आदि समेत मंदिर के दान पात्रों पर हाथ साफ कर दिया था। घटनाओं के खुलासे के गठित टीम ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज, सर्विलांस के आधार पर घटना में प्रयुक्त बाइक के साथ रेलवे लाइन पड़ाव रामनगर निवासी तालिब हुसैन पुत्र इरफान अली को नौगजा स्थित पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उक्त चोरियां उसने अपने साथी रेलवे पड़ाव रामनगर निवासी सन्नी पुत्र गोविंद सिंह प ग्राम पूछड़ी रामनगर निवासी मोईन के साथ अंजाम दिया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मंदिर से चोरी किया सामान उसने कुमाऊं कालोनी कचनाल गाजी निवासी कबाड़ी जलीश आहमद पुत्र शब्बीर अहमद को बेचा है। पुलिस ने जलीश अहमद को उसकी दुकान से गिरफ्तार कर मौके से एक नाग प्रतिमा, (शेष पृष्ठ सात पर)



# काम बोला, देश ने सराहा: डीएम भदौरिया देश के शीर्ष पांच जिलाधिकारियों में

## फेम इंडिया रैंकिंग में जिम्मेदार श्रेणी में प्रथम स्थान, ऊधम सिंह नगर को दिलाई राष्ट्रीय पहचान

रुद्रपुर। प्रशासनिक सेवा में पद नहीं, बल्कि कार्यशैली पहचान बनाती है। जनता की समस्याओं को अपनी प्राथमिकता बनाना, योजनाओं को कागजों से निकालकर धरातल तक पहुंचाना और संकट की हर घड़ी में संवेदनशील नेतृत्व देना ही एक सफल जिलाधिकारी की असली कसौटी होती है। ऊधम सिंह नगर के जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने अपनी इसी कार्यशैली के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए देश के शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों में जगह बनाई है। कुछ समय पहले फेम इंडिया मैगजीन और एशिया पोस्ट द्वारा जारी "सर्वश्रेष्ठ जिलाधिकारी 2026" की प्रारंभिक सूची में उत्तराखंड के पांच जिलाधिकारियों को देश के शीर्ष 100 अधिकारियों में स्थान मिला था। अब फेम इंडिया के अंतिम मूल्यांकन में नितिन सिंह भदौरिया ने एक और बड़ी छलांग लगाते हुए देश के शीर्ष पांच जिलाधिकारियों में स्थान प्राप्त किया है। इतना ही नहीं, उन्हें 'जिम्मेदार प्रशासन' श्रेणी में देशभर में प्रथम स्थान देकर सम्मानित किया गया है। यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि उस प्रशासनिक सोच की जीत है जिसमें जनता केंद्र में होती है और शासन का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना होता है। फेम इंडिया द्वारा किए गए इस राष्ट्रीय मूल्यांकन में देशभर के लगभग 800 जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों के कार्यों का आकलन किया गया। प्रशासनिक दक्षता, नेतृत्व क्षमता, जवाब देही, पारदर्शिता, नवाचार, संकट प्रबंधन, जनसंपर्क और विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे अनेक मानकों के आधार पर रैंकिंग तैयार की गई। ऊधम सिंह नगर में अपने कार्यकाल के दौरान नितिन सिंह भदौरिया ने शिकायतों के त्वरित निस्तारण, पारदर्शी प्रशासन और जनभागीदारी आधारित विकास मॉडल को प्राथमिकता दी। जनता और प्रशासन के बीच संवाद को मजबूत बनाने के साथ-साथ उन्होंने कई नवाचारों को भी धरातल पर उतारा, जिनका सीधा लाभ आम लोगों को मिला। उनके नेतृत्व में जनपद को राष्ट्रीय स्तर पर कई उपलब्धियां हासिल हुईं। पीएम जनमन योजना के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए ऊधम सिंह नगर को राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त हुआ। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जनपद को दो रजत पदक भी मिले। यही उपलब्धियां आज राष्ट्रीय स्तर पर उनकी पहचान का आधार बनी हैं। उत्तराखंड के लिए यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है क्योंकि हाल ही में राज्य के पांच जिलाधिकारियों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया था, लेकिन अंतिम रैंकिंग में नितिन सिंह भदौरिया का देश के शीर्ष पांच में पहुंचना यह साबित करता है कि जनहित, जवाबदेही और संवेदनशील प्रशासन की दिशा में किए गए कार्यों को देशभर में गंभीरता से देखा और सम्मानित किया जाता है। प्रशासनिक हलकों (शेष पृष्ठ 7 पर)



# कवियों की लेखनी समाज को दिशा देने और परिवर्तन लाने का सशक्त माध्यम: धामी





कालाढुंगी/नैनीताल (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कवि केवल शब्दों के निर्माता नहीं होते, बल्कि वे समाज के चिंतक, मार्गदर्शक और प्रेरक भी होते हैं। जब समाज चुनौतियों और उलझनों से घिरता है, तब कवि अपनी लेखनी के माध्यम से समाज को नई दिशा देने के साथ सकारात्मक परिवर्तन का मार्ग भी प्रशस्त करता है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को गति देने में कवियों और साहित्यकारों की रचनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मुख्यमंत्री शनिवार को कालाढुंगी तहसील क्षेत्र स्थित नमस्ते कॉर्बेट रिजॉर्ट, धनपुर धमोला में ललित फाउंडेशन के पंचम अधिवेशन अभिव्यंजना 5.0 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और देशभर से पहुंचे कवियों, साहित्यकारों तथा साहित्य प्रेमियों का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभिव्यंजना केवल एक कवि सम्मेलन नहीं, बल्कि विचारों, भावनाओं और सृजनशीलता को अनुभव करने का एक अभिनव अवसर है। कवि समाज को दर्पण दिखाने का कार्य करते हैं और अपनी रचनाओं के माध्यम से जनमानस को जागरूक बनाने का महत्वपूर्ण दायित्व निभाते हैं। उन्होंने कहा कि आज देश के ऐसे विशिष्ट और राष्ट्रभक्त कवियों का समागम यहां हुआ है, जिनकी वाणी में प्रेम भी है, विरह भी है, विद्रोह भी है, देशभक्ति भी है, हास्य भी है और भक्ति भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. कुमार विश्वास ने अपनी विशिष्ट प्रस्तुति शैली और रचनात्मकता के माध्यम से कविता को नई पहचान दिलाई है। वहीं पद्मश्री अशोक चक्रधर की रचनाएं हास्य, व्यंग्य और सामाजिक सरोकारों का अद्भुत संगम प्रस्तुत करती हैं। डॉ. हरिओम पंवार की ओजपूर्ण कविताएं राष्ट्रभक्ति और जनचेतना की सशक्त अभिव्यक्ति हैं, जो प्रत्येक श्रोता में ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करती हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी कवियों ने कविता को मंचों की सीमाओं से निकालकर जन जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। साथ ही नई पीढ़ी को साहित्य से जोड़ने में भी उनकी भूमिका सराहनीय रही है। साहित्य समाज की चेतना को जागृत करने का सबसे प्रभावी माध्यम है और ऐसे आयोजन साहित्यिक संस्कृति को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड सदियों से साहित्य, संस्कृति और सृजन की भूमि रही है। हिमालय की गोद में बसी इस पावन धरती ने अनेक साहित्यकार, कवि और लोकचिंतक दिए हैं, जिन्होंने अपनी लेखनी से समाज को दिशा प्रदान की। उन्होंने सुमित्रानंदन पंत, चंद्रकुंवर बर्त्वाल, गिर्दा, शैलेश मटियानी, गौरा पंत शिवानी और मोहन उप्रेती जैसे साहित्यकारों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन विभूतियों की रचनाएं आज भी समाज को प्रेरणा देती हैं और सांस्कृतिक चेतना को जीवंत बनाए हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की साहित्यिक परंपरा आज भी नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ते हुए राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा दे रही है। देवभूमि की साहित्यिक चेतना और सृजनधारा ने देश विदेश के साहित्य प्रेमियों को सदैव आकर्षित किया है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से साहित्यिक मूल्यों और सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य हो रहा है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने समाज और साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कवियों, कवित्रियों और साहित्यकारों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल व्यक्तियों का नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाली सोच और सृजनात्मक शक्ति का सम्मान है। उन्होंने सम्मानित होने वाले सभी साहित्यकारों और समाजसेवियों को बधाई देते हुए उनके योगदान की सराहना की। मुख्यमंत्री ने उपस्थित साहित्यकारों और कवियों से साहित्य संगम को नई ऊर्जा और नई चेतना के साथ आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब ऐसे प्रख्यात कवि मंच पर अपनी प्रस्तुति देते हैं तो उनकी कविताएं केवल शब्द नहीं रह जातीं, बल्कि जनमानस के लिए प्रेरणा और परिवर्तन का स्वर बन जाती हैं। इस अवसर पर विधायक बंशीधर भगत, डॉ. कुमार विश्वास, पद्मश्री अशोक चक्रधर, डॉ. हरिओम पंवार सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आए अनेक कवि, साहित्यकार और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री के आईआरबी बेलपड़ाव, रामनगर पहुंचने पर विधायक बंशीधर भगत, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, उपाध्यक्ष गणेश रावत, दर्जा राज्यमंत्री सुरेश भट्ट, शंकर कोरंगा, सुरेंद्र नामधारी, आयोग सदस्य जेडए वारसी, मंडलायुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पांडेय सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने उनका स्वागत किया।

## किच्छा क्षेत्र की छह सड़क दुर्घटनाओं की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश

### दुर्घटनाओं से जुड़े तथ्य और साक्ष्य उपलब्ध कराने के लिए 30 जून तक आमजन से मांगी जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने किच्छा क्षेत्र में विभिन्न तिथियों पर हुई छह सड़क दुर्घटनाओं की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। जिलाधिकारी ने इन मामलों की जांच के लिए उप जिलाधिकारी किच्छा गौरव पाण्डेय को जांच अधिकारी नामित करते हुए दुर्घटनाओं के सभी पहलुओं की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उप जिलाधिकारी एवं जांच अधिकारी गौरव पाण्डेय ने बताया कि 5 नवम्बर 2025 को सिरौलीकला स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने कार संख्या यूके 06 एजेड़ 8441 के चालक द्वारा कथित रूप से लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए ऑटो संख्या यूके 06 टीए 8047 को टक्कर मार दी गई थी, जिसमें अजीमुद्दीन गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्होंने बताया कि 29 नवम्बर 2025 को लालपुर में देवरिया के सामने बस संख्या यूके 06 पीए 1963 की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार जीशान तथा अरबाज गंभीर रूप से घायल हुए थे, जिसमें अरबाज की मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार 1 दिसम्बर 2025 को पुलभट्टा स्थित शंकर फार्म के पास पिकअप वाहन संख्या यूके 06 सीसी 6818 द्वारा टुकटुक वाहन संख्या यूके 06 ईएस 0286 को टक्कर मारने से रंजीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। एक अन्य दुर्घटना 2 दिसम्बर 2025 को रिलायंस पेट्रोल पंप के पास हुई, जहां रोडवेज बस संख्या यूपी 25 एफटी 4036 की टक्कर से मोटरसाइकिल संख्या यूके 06 एक्स 6351 सवार विजय कुमार और नरेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उप जिलाधिकारी ने बताया कि 4 फरवरी 2026 को पुलभट्टा ओवरब्रिज के पास वाहन संख्या यूपी 26 टी 5427 द्वारा एम्बुलेंस संख्या यूके 06 टीए 7799 को टक्कर मारने से ललिता देवी की मृत्यु हो गई थी। उन्होंने बताया कि 7 जनवरी 2026 को खालसा ढाबे के सामने मुख्य हाईवे पर कार संख्या यूके 03 टीए 9600 द्वारा टुकटुक ई रिक्शा संख्या यूके 06 ईआर 4163 को टक्कर मार दी गई थी। दुर्घटना के बाद ई रिक्शा ट्रक संख्या यूपी 23 एटी 0510 से टकरा गया, जिससे प्रेमपाल की मृत्यु हो गई थी। वहीं ई रिक्शा में सवार सहनाज और नाजमा गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। जांच अधिकारी गौरव पाण्डेय ने बताया कि सभी मामलों की जांच जारी है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति के पास इन दुर्घटनाओं से संबंधित कोई जानकारी, साक्ष्य अथवा दस्तावेज उपलब्ध हों या कोई व्यक्ति अपना पक्ष रखना चाहता हो तो वह 30 जून 2026 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे के बीच उनके समक्ष उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज करा सकता है अथवा संबंधित साक्ष्य एवं दस्तावेज प्रस्तुत कर सकता है।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता हरीश पंत का किया सम्मान

किच्छा (संवाददाता)। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर चलाए जा रहे 12 साल बेमिसाल अभियान के अंतर्गत भाजपा जिला सह प्रभारी विवेक दीप सिंह ने पार्टी के वरिष्ठ नेता, लोकतंत्र सेनानी और किच्छा नगर पालिका के प्रथम अध्यक्ष हरीश पंत से आत्मीय भेंट की। इस दौरान विवेक दीप सिंह ने वरिष्ठ नेता का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया और उनसे संगठन को लेकर मार्गदर्शन प्राप्त किया। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने संगठनात्मक विषयों, केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और किच्छा-पंतनगर विधानसभा की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर विस्तृत चर्चा की। विवेक दीप सिंह ने आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी की मजबूती और सीट पर जीत सुनिश्चित करने के लिए वरिष्ठ नेता से सुझाव मांगे। हरीश पंत ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि सभी को बूथ स्तर तक सक्रिय होकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों और जनहितैषी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना चाहिए। उन्होंने संगठन की मजबूती में कार्यकर्ताओं के समर्पण और जनता के विश्वास को सबसे बड़ी ताकत बताया। विवेक दीप सिंह ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित रहे हैं। इसी क्रम में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, लाभार्थियों और समाज के विभिन्न वर्गों से संवाद स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरीश पंत जैसे अनुभवी नेताओं का मार्गदर्शन पार्टी के लिए अमूल्य धरोहर है। इस अवसर पर विवेक दीप सिंह ने वरिष्ठ नेता के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।



## निर्माणाधीन छठ घाट का अधिकारियों ने लिया जायजा



खटीमा। क्षेत्र में सवा करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन भव्य छठ पूजा घाट का शनिवार को जिलाधिकारी नितिन भदौरिया और जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया तथा कार्यदायी संस्था को निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी नितिन भदौरिया ने निर्माणाधीन घाट के विभिन्न हिस्सों का अवलोकन किया और निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता न किया जाए तथा कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य ने बताया कि लंबे समय से क्षेत्रवासियों द्वारा एक व्यवस्थित और स्थायी छठ पूजा घाट की मांग की जा रही थी। सवा करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह घाट खटीमा क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं के लिए बड़ी सौगात साबित होगा। उन्होंने कहा कि घाट के निर्माण के बाद श्रद्धालुओं को छठ पर्व के दौरान बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और वे सुगमता से छठ मैया की पूजा-अर्चना कर सकेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद यह छठ पूजा घाट क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा। निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर भारत विकास परिषद ने किया वृक्षारोपण

गदरपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद शाखा गदरपुर द्वारा सनातन धर्म मंदिर, बुध बाजार गदरपुर परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाना तथा क्षेत्र को हरा-भरा एवं स्वच्छ बनाए रखने का संदेश देना था। इस अवसर पर परिषद के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने दर्जनों पौधे रोपित किए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण आवश्यक है। पेड़-पौधे न केवल पर्यावरण को संतुलित रखते हैं, बल्कि मानव जीवन के लिए भी अत्यंत उपयोगी हैं। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के अध्यक्ष राजीव ग्रोवर, सचिव डॉ. विप्रजीत विश्वास सोनू, डॉ. अजय श्रीवास्तव, डॉ. अरविंद धवन, सतीश बत्रा, दीपक सूधा, राकेश भुड्डी, बंटी, डॉ. विनीत अरोड़ा, अंजू भुड्डी, रीता गाबा, पूनम अरोड़ा, मंदिर के पुजारी शिव प्रसाद अग्निहोत्री, विकास मुरादिया, विक्की सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण एवं अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया।



## हरदा ने आचार्य विवेकानंद ब्रह्मचारी की माता के निधन पर जताया शोक



दिनेशपुर (संवाददाता)। हरि मंदिर के आचार्य विवेकानंद ब्रह्मचारी की माता उत्तरा देवी के निधन के बाद शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का हरि मंदिर में लगातार तांता लगा हुआ है। मतुआ संप्रदाय के श्रद्धालुओं के साथ साथ विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा क्षेत्र के गणमान्य लोग मंदिर पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दे रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत दिनेशपुर स्थित हरि मंदिर पहुंचे। उन्होंने आचार्य विवेकानंद ब्रह्मचारी से भेंट कर उनकी माता के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया तथा परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। इस दौरान उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य और साहस बनाए रखने का संदेश दिया। हरीश रावत ने कहा कि माता का स्थान जीवन में सर्वोच्च होता है और उनका निधन परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने दिवंगत उत्तरा देवी के धार्मिक और सामाजिक मूल्यों के प्रति योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनका जीवन समाज के लिए प्रेरणादायी रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री के आगमन पर मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे लोगों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश महामंत्री ममता हालदार, पूर्व प्रदेश सचिव कांग्रेस कमेटी तारक बाछाड़, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास, पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री प्रेम सिंह, डॉ. नारायण हालदार, नगर कांग्रेस अध्यक्ष बृजमोहन सागर, ब्लॉक अध्यक्ष चंदन सिंह नयाल, गूलरभोज नगर अध्यक्ष किशोर सावंत, सुमित बैरागी, देवाशीष विश्वास, परिवार राय, अजय राय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं गदरपुर विधायक अरविंद पांडे तथा पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अनादीरंजन मंडल ने भी हरि मंदिर पहुंचकर शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। हरि मंदिर में श्रद्धांजलि देने और शोक संवेदना प्रकट करने वालों का क्रम लगातार जारी है। क्षेत्र के अनेक सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधि भी मंदिर पहुंचकर दिवंगत उत्तरा देवी को श्रद्धासुमन अर्पित कर रहे हैं।

# एयर फोर्स में चयनित मेघा सिंह को किया सम्मानित

रुद्रपुर। भारतीय वायु सेना में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे देश में तीसरी तथा उत्तराखंड में प्रथम रैंक प्राप्त करने वाली रुद्रपुर की बेटी मेघा सिंह को पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने सम्मानित किया। ठुकराल ने ईश्वर कॉलोनी स्थित मेघा सिंह के आवास पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दीं और सम्मान स्वरूप गणेश जी की प्रतिमा भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने मेघा सिंह की उपलब्धि को रुद्रपुर ही नहीं बल्कि पूरे ऊधमसिंह नगर जनपद और उत्तराखंड के लिए गौरव का विषय बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगी चयन प्रक्रिया में पूरे भारत में तीसरी तथा राज्य में प्रथम रैंक प्राप्त करना असाधारण उपलब्धि है, जो उनकी मेहनत, लगन और समर्पण का परिणाम



है। ठुकराल ने कहा कि मेघा सिंह ने यह साबित कर दिया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और उसे पाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ प्रयास किए जाएं तो सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं और मेघा सिंह की सफलता क्षेत्र के युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उन्होंने मेघा सिंह के माता पिता को भी बधाई देते हुए कहा कि बच्चों की सफलता के पीछे परिवार के त्याग, संस्कार और सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मेघा सिंह की इस उपलब्धि में उनके माता पिता का योगदान भी सराहनीय है। मेघा सिंह के पिता प्रताप सिंह केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता साधना सिंह गृहिणी हैं। परिवार ने मेघा की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए इसे वर्षों की मेहनत और संघर्ष का परिणाम बताया। इस अवसर पर मेघा सिंह ने कहा कि भारतीय वायु सेना में चयन होना उनके लिए गर्व और सम्मान का विषय है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता, शिक्षकों और परिवार के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के प्रति समर्पण, अनुशासन और निरंतर परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने युवाओं से कठिन परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ अपने सपनों को पूरा करने का प्रयास करने का आहवान किया।

# स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।राष्ट्रीय स्वयसेवकसंघ के कार्यकर्ता विकास वर्ग (प्रथम) में शामिल सैकड़ों स्वयंसेवकों ने शनिवार को पथ संचलन करके राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा और अनुशासन का भाव प्रकट किया। स्वयंसेवकों ने घोष वादन की धुन पर कदम ताल करते हुए ड्रोन कॉलेज जफरपुर दिनेशपुर रोड पर पथ संचलन किया। पथ संचलन पीएम श्री श्री अटल उत्कर्ष इंटर कॉलेज दिनेशपुर से आरंभ होकर सुभाष चौक से गूलरभोज रोड पंजाबी कॉलोनी होते हुए वापस सुभाष चौक से होता हुआ इंटर कॉलेज में समापन हुआ। पथ संचलन कर रहे संघ के स्वयंसेवकों का नगर के में स्थान स्थान पर स्वागत में पुष्प वर्षा की गई। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का इन दिनों कार्यकर्ता विकास वर्ग लगा हुआ है जिसमें उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए सैकड़ों युवा ,संघ के कार्यों को जानने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है।



# सीएम ने कराटे खिलाड़ियों को सम्मानित किया

खटीमा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को खटीमा स्थित लोहियाहेड कैंप कार्यालय में ताइक्वांडो और कराटे खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। चौहान अकादमी नानकमत्ता के खिलाड़ियों ने हाल की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था, जिसके लिए मुख्यमंत्री ने उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनकी उपलब्धियों की जानकारी ली और कहा कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और अनुशासन की भी पाठशाला है। उन्होंने खिलाड़ियों से निरंतर मेहनत करने और राष्ट्रीय- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्तराखंड का नाम रोशन करने का आहवान किया। सम्मान समारोह के बाद मुख्यमंत्री ने कैंप कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की शिकायतों का समयबद्ध



और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम लोगों की समस्याओं का निराकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा, काशीपुर महापौर दीपक बाली, पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, प्रेम सिंह टुंगरा, हेमंत द्विवेदी, मोहिनी पोखरिया, फरजाना बेगम, प्रेम सिंह राणा, सतीश भट्ट, रमेश जोशी, रंदीप पोखरिया, अमित पांडे और भवानी भंडारी समेत कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# दायित्व मिलने पर कैप्टन गंभीर धामी का पूर्व सैनिकों ने किया भव्य अभिनंदन

खटीमा। उत्तराखंड राज्य पूर्व सैनिक कल्याण सलाहकार परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष का दायित्व संभालने के बाद पहली बार खटीमा पहुंचे कैप्टन गंभीर धामी का पूर्व सैनिकों और क्षेत्रवासियों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। जगह-जगह स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां लोगों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। खटीमा तहसील गेट पर पूर्व सैनिकों ने फूल-मालाओं, ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक छोलिया नृत्य के साथ कैप्टन धामी का स्वागत किया। इस दौरान समर्थकों ने बाइक रैली भी निकाली, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। बाद में आयोजित सम्मान समारोह में पूर्व सैनिकों, मातृशक्ति और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कैप्टन धामी का तिलक लगाकर एवं शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में पूर्व सैनिकों और वीर नारियों से जुड़े मुद्दों को



और मजबूती से उठाया जाएगा। अपने संबोधन में कैप्टन गंभीर धामी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व सैनिकों के सम्मान, कल्याण और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए वे पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सैनिकों और उनके परिवारों के हितों की रक्षा उनकी प्राथमिकता रहेगी। कार्यक्रम में कैप्टन नारायण सिंह सौन, ठाकुर सिंह खाती, राजेंद्र अधिकारी, दान सिंह धामी, धन सिंह सामंत, दीवानी चंद, भूपेंद्र सिंह खोलिया, नेत्र सिंह ज्याला सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, सामाजिक कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# अतिक्रमण के खिलाफ चला पालिका का अभियान

रामनगर (संवाददाता)। नगर पालिका परिषद रामनगर ने शनिवार को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की। अभियान के दौरान कई स्थानों से अतिक्रमण हटाया गया, अतिक्रमणकारियों का सामान जब्त किया गया तथा गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ चालान कर जुर्माना भी वसूला गया। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल के नेतृत्व में चली कार्रवाई के दौरान पालिका टीम ने सबसे पहले मुर्गा मार्केट क्षेत्र में अभियान चलाया। इस दौरान सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अतिक्रमण को हटाते हुए कई लोगों का सामान जब्त किया गया। अधिशासी अधिकारी ने स्वास्थ्य निरीक्षक



को इस क्षेत्र में नियमित रूप से अभियान चलाने के निर्देश भी दिए ताकि दोबारा अतिक्रमण न हो सके। इसके बाद पालिका टीम ने फड़ बाजार और मुख्य बाजार क्षेत्र में भी अभियान चलाया। यहां भी अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को हटाया गया तथा सार्वजनिक मार्गों पर रखे गए सामान को जब्त किया गया। अभियान के दौरान व्यापारियों और स्थानीय लोगों को सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण न करने की चेतावनी भी दी गई। नगर पालिका की टीम ने मोहल्ला मोतीमहल क्षेत्र में नजूल भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को भी ध्वस्त किया। पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया कि उक्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए वहां सौंदर्यीकरण कार्य कराया जाएगा। इसके तहत क्षेत्र में बेंच सहित अन्य सार्वजनिक सुविधाएं विकसित करने की योजना बनाई गई है, जिससे भविष्य में दोबारा अतिक्रमण की संभावना न रहे। अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल ने कहा कि नगर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए अतिक्रमण के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक भूमि और सड़कों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# गाय की टांग काटने का आरोप, कार्रवाई की मांग

किच्छा। क्षेत्र के ग्राम गौरीकलां में एक गाय के साथ कथित रूप से क्रूरता किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित भगवान सिंह पुत्र स्वर्गीय रामनक्षत्र ने कोतवाली किच्छा में तहरीर देकर गांव के ही एक व्यक्ति पर उनकी गाय की टांग काटने का आरोप लगाया है। तहरीर के अनुसार शनिवार सुबह करीब 10 बजे उनकी गाय घर के पास एक खाली खेत में चर रही थी। चरते-चरते गाय समीप स्थित एक बाग के पास पहुंच गई। आरोप है कि इसी दौरान गांव निवासी खतीव नामक व्यक्ति ने धारदार पाटल से गाय की आगे की दायीं टांग पर वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना में गाय की टांग बुरी तरह कट गई और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। भगवान सिंह का कहना है कि घटना को हर्षित सिंह नामक युवक ने अपनी आंखों से देखा है। वह उस समय मौके पर अन्य गायों को चरा रहा था। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि आरोपी झगड़ालू प्रवृत्ति का व्यक्ति है तथा पूर्व में भी एक गाय को घायल कर चुका है। पीड़ित ने पुलिस से आरोपी खतीव तथा उसके पुत्र वसीम के खिलाफ पशु क्रूरता एवं अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही घायल गाय के उपचार की व्यवस्था कराने का भी अनुरोध किया है। कोतवाली पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद तथ्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# विशेषज्ञ चिकित्सकों ने जांचे 1200 मरीज, नि:शुल्क दवाइयों का हुआ वितरण

शक्तिफार्म। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के सहयोग तथा जुनून चौरिटेबल सोसायटी, नोएडा के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद बंग भवन में आयोजित विशाल स्वास्थ्य शिविर में करीब 1200 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर में दिल्ली-एनसीआर के प्रतिष्ठित अस्पतालों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने किया। शिविर में मेदांता, मैक्स, सुमित्रा, कैलाश, यथार्थ और फोर्टिस अस्पतालों के 25 चिकित्सकों की टीम ने सेवाएं दीं, जिनमें 16 विशेषज्ञ डॉक्टर शामिल रहे। सुबह से ही शिविर में मरीजों की लंबी कतारें लगी रहीं और दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। शिविर में ईसीजी, ब्लड शुगर, यूरिक एसिड और लिपिड प्रोफाइल सहित विभिन्न जांचें की गईं। इसके अलावा न्यूरोलॉजी, यूरोलॉजी, बाल रोग, ईएनटी, स्त्री एवं प्रसूति रोग, दंत रोग तथा अस्थि रोग विशेषज्ञों ने मरीजों को



परामर्श दिया। जांच के दौरान कई लोगों में उच्च रक्तचाप, मधुमेह और अन्य गंभीर बीमारियों के शुरुआती लक्षणों की पहचान कर उन्हें आगे उपचार कराने की सलाह दी गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता से उन मरीजों को विशेष राहत मिली, जिन्हें सामान्यत: उपचार के लिए दिल्ली, हल्द्वानी अथवा अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है। एक ही स्थान पर विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं मिलने से लोगों ने आयोजन की सराहना की। इस दौरान मेदांता अस्पताल के एमडी डॉ. जी.सी. वैष्णव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषज्ञ चिकित्सकों तक पहुंच सीमित होती है। ऐसे स्वास्थ्य शिविर लोगों को समय पर जांच और परामर्श उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## गांव-गांव तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का संकल्प: बहुगुणा

शक्तिफार्म। ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित स्वास्थ्य शिविर में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि स्वास्थ्य समाज ही विकसित प्रदेश की मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य गांव-गांव तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को इलाज के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख न करना पड़े। उन्होंने बताया कि दिल्ली-एनसीआर के प्रतिष्ठित अस्पतालों के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर चिकित्सकीय परामर्श एवं नि:शुल्क दवाइयों का लाभ उठाया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन लगातार किया जाएगा, जिससे अंतिम व्यक्ति तक बेहतर चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाई जा सकें। उन्होंने सामाजिक संस्थाओं एवं चिकित्सकों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि जनसेवा के ऐसे प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक हैं।



# हवन पूजन के साथ रामपाल सिंह ने संभाला कार्यभार

## 20 सूत्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश





रुद्रपुर (संवाददाता)। उत्तराखंड सरकार की 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति (राज्य स्तरीय) के नव नियुक्त उपाध्यक्ष एवं नगर निगम रुद्रपुर के पूर्व महापौर रामपाल सिंह ने पदभार ग्रहण करते ही सक्रियता का परिचय दिया। दायित्व संभालने के बाद उन्होंने समिति के अधिकारियों के साथ बैठक कर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। रामपाल सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 20 सूत्रीय कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सरकार की सभी योजनाएं धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू हों। उन्होंने अधिकारियों से विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्राप्त करने तथा उनकी नियमित समीक्षा करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता दी जाएगी और योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचे, इसके लिए सतत निगरानी की जाएगी। रामपाल सिंह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश नेतृत्व एवं पार्टी संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन पर जताए गए विश्वास पर खरा उतरना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास, गरीब कल्याण, सामाजिक न्याय और जनहित से जुड़े कार्यक्रमों की नियमित समीक्षा कर बेहतर परिणाम सुनिश्चित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल पद की जिम्मेदारी संभालना नहीं, बल्कि सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने और उनके प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना है। इसी सोच के तहत पदभार ग्रहण करते ही कार्यों की समीक्षा शुरू कर दी गई है। पदभार ग्रहण करने के अवसर पर महापौर विकास शर्मा, जिला व्यापार मंडल अध्यक्ष गुरमीत सिंह, पूर्व किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह, ठाकुर जगदीश सिंह, ज्ञान सिंह चौहान, रोशन अरोड़ा, संजय कुमार, रोहित मित्तल, अंजू सिंह, सिमरन सिंह, केशव शर्मा, दीपक खन्ना, पारस चुघ, गौरव जायल, संदीप वाल्मीकि, हरीश चौधरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, समर्थक, शुभचिंतक एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने रामपाल सिंह को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।






Guru Maa Enterprises

RUDRAPUR - 9927882338, KASHIPUR- Ramnagar Road 8791989500, Cheema Chauraha 9927813555, HALDWANI - Tikonia 9997207007, Pilikothi 9690256666, 8126564216, HARIDWAR - 9761699704, MORADABAD - Civil Lines-7500839146, Punjab Electronics - 9837040878, GEE AAR Elc- 9719077772, Hitesh Electricals- 9897894211, Bunty Mobile- 7500000266, SAMBHAL - Aiaza Mart- 9837254639, GADARPUR - Gurunanak Enterprises, 9927850999, KICHHA - Deepak Eletronics 7017575920, ALMORA - Gupta Electronics 7895887544, LALKUAN - New Radhe Radhe 8923493000, PITHORAGHRH - Shiva Enterprises 9760633187, KOTDWAR - Shree Keshav Electronics- 9205867411, PANIPAT - 8607964000, KARNAL- 8684077000.

# जनसंवाद में बेहड़ ने सुनी लोगों की समस्याएं

## विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश



किच्छा (संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने शहरी जनसंवाद कार्यक्रम के तहत नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने वार्ड नंबर 1 बनखंडी देवरिया, वार्ड नंबर 9 धर्म कांटे के निकट, वार्ड नंबर 14 बालाजी मंदिर के पास तथा सिरौली कला स्थित वीर शिवा कॉलोनी में पहुंचकर लोगों की समस्याओं और सुझावों की जानकारी ली। जनसंवाद के दौरान स्थानीय लोगों ने सड़क, विद्युत और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। वार्ड नंबर 16 में पूनम गंगवार, ओमवीर, मिंटू, रंजन सिंह सहित अन्य नागरिकों ने लगभग 100 मीटर सड़क निर्माण की मांग की। वहीं मॉडल कॉलोनी के निवासी परवेज, मोहम्मद उस्मान सहित अन्य लोगों ने क्षेत्र में करीब 200 मीटर सड़क निर्माण कराने की आवश्यकता बताई। वीर शिवा कॉलोनी में यशपाल तिवारी, रणजीत सिंह, सरबजीत सिंह, पाल सिंह सहित अन्य नागरिकों ने क्षेत्र में विद्युत पोल लगाए जाने की मांग रखी। वहीं वार्ड नंबर 9 की निवासी आरती दुबे ने क्षतिग्रस्त पुलिया के पुनर्निर्माण की मांग करते हुए समस्या से अवगत कराया। विधायक तिलक राज बेहड़ ने अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर समाधान कराया। साथ ही शेष समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक बेहड़ ने कहा कि जनता से सीधा संवाद जनप्रतिनिधि की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। क्षेत्र की समस्याओं को समझकर उनका समयबद्ध समाधान कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी तथा प्रत्येक वार्ड के समग्र विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गुलशन सिंधी, पालिकाध्यक्ष दर्शन कोली, ओमप्रकाश दुआ, राजेश प्रताप सिंह, राम बाबू, संतोष अधिकारी, रमेश अमेठिया, मेजर सिंह, एनू खान, सुनीता कश्यप, छोटे लाला कोली, सुधा जोशी, सोनी बोरा, दलजीत कक्कड़, राजेश अरोड़ा, प्रभाकर भट्ट, जीवन जोशी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पर्यावरण संरक्षण करना हमारा पुनीत कर्तव्य : हरि चैतन्यपुरी



गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ श्री हरि कृपा धाम आश्रम में वृक्षारोपण करके भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण का संरक्षण हम सभी का पुनीत कर्तव्य है । ग्लोबल वार्मिंग व समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर हो रही भयानक प्राकृतिक आपदाओं का कारण पर्यावरण का विकृत होता स्वरूप ही है । समय रहते यदि हम जागरूक ना हुए तो भविष्य में होने वाले विनाशकारी दुष्परिणामों को भोगने के लिए हमें मजबूर होना पड़ेगा। हम सभी भगवान शिव के अभिषेक, पूजन, वंदन व व्रत इत्यादि के साथ-साथ सघन वृक्षारोपण भी करें । भगवान शिव का ही एक स्वरूप है वृक्ष। जैसे भगवान शिव ने सारी दुनिया को अमृत बाँटा व स्वयं हलाहल विष का पान किया । वृक्ष भी सभी को ऑक्सीजन का अमृत बांट रहे हैं व स्वयं कार्बन डाइऑक्साइड लेकर विष का पान कर रहे हैं । वृक्ष और शिव एक समान, दें अमृत करते विषपान । उन्होंने कहा कि प्रकृति माँ को शृंगार विहीन होने से बचाएँ। पृथ्वी माँ के श्रृंगार हैं वृक्ष। प्रकृति हमारी जन्मदात्री माँ से भी अधिक हमारी रक्षा करती है, परंतु प्रकृति के नियमानुसार यदि नहीं रह कर अपितु उससे खिलवाड़ करें तो यह रक्षक होने के बजाय हमारी भक्षक भी बन सकती है। महाराज श्री के दिव्य प्रवचनों से सभी मंत्रमुग्ध व भावविभोर हो गए।। सभी ने वृक्षारोपण व वृक्षों के संरक्षण का संकल्प भी लिया।

# गुरबाज सिंह की हेमकुंड यात्रा में मौत से परिवार में मचा कोहराम



गदरपुर। गुरुद्वारा हेमकुंड,जिला चमोली उत्तराखंड की यात्रा पर गए परिवार के मुखिया की वापसी के दौरान दिल का दौरा पड़ने से हुई मौत से परिवार में कोहराम मच गया और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई । शनिवार मृतक के पार्थिव शरीर का ग्राम अलख देवा के मुक्तिधाम में गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम अलख देवा,तहसील गदरपुर, उधम सिंह नगर,उत्तराखंड के दिवंगत स. अमर सिंह और दिवंगत अमरजीत कौर के सुपुत्र बर्बाद गुरबाज सिंह (39) पत्नी हरनीत कौर,पुत्र सहज प्रीत सिंह एवं पुत्री परमप्रीत कौर सहित गुरुद्वारा हेमकुंड की यात्रा पर गए थे वापसी में 5 जून को गोविंद धाम में उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई,आनन फानन में उन्हें उपचार हेतु गोविंद घाट और जोशी मठ ले जाया गया परंतु ऑक्सीजन की पर्याप्त आपूर्ति न होने और दिल का दौरा पड़ने से उनकी मृत्यु हो गई । एंबुलेंस के माध्यम से उनके पार्थिव शरीर को उनके आवास,ग्राम अलख देवा लाया गया जहां गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। वे अपने पीछे पत्नी हरनीत कौर,पुत्र सहज प्रीत सिंह एवं पुत्री परमप्रीत कौर के अलावा अपने बड़े भाई मुख्तियार सिंह को रोता बिलखता छोड़ गए हैं। गुरबाज सिंह अपने परिवार का खेती-बड़ी करके पालन पोषण करते थे अब दोनों बच्चों की जिम्मेदारी उनकी पत्नी पर आ गई है । दोनों बच्चे कक्षा 11 में शिक्षणरत हैं ।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद गदरपुर
## (उधम सिंह नगर)

पत्रांक : 136/विज्ञापन/2026

# 05 जून 2026 पर्यावरण दिवस

**पर नगर पालिका बोर्ड गदरपुर की ओर से**

## हार्दिक शुभकामनाएं तथा

**नगर की सम्मानित जनता से निम्न अपेक्षा करती है :-**



1. नगर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें।
2. गीला एवं सूखा कूड़ा घर से ही अलग-अलग दें।
3. पालिका करें एवं दीपको के अलावा यूजर चार्ज का समय से भुगतान करें।
4. पालिका सीमांत्तर्गत सार्वजनिक मार्गो एवं नालियों पर अतिक्रमण न करें।
5. प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें एवं पॉलीथीन/थर्माकोल से बने उत्पादों का प्रयोग/विक्रय/भंडारण न करें।
6. स्वच्छ सर्वेक्षण में सफलता हेतु नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।
7. सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकना एवं थूकना प्रतिबंधित/दण्डनीय है।
8. डेंगू एवं मलेरिया से बचाव हेतु घर अथवा अपने आस-पास पानी को जमा न होने दें।
9. पर्यावरण के संरक्षण में अपना सहयोग प्रदान करें।
10. स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत अपनी सहभागिता प्रदान करें।
11. पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण एक पेड़ माँ के नाम लगाएं।

**आओ मिलकर संकल्प लें -**

## स्वच्छ नगर, स्वस्थ नगर, सुंदर नगर

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद
गदरपुर (उधम सिंह नगर)

एवं

**मनोज गुम्बर**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
गदरपुर (उधम सिंह नगर)

श्रीमती राधा मौर्या वार्ड न.1, श्रीमती नरगिस सभासद वार्ड न.2, श्री सचिन गुप्ता सभासद वार्ड न.3, श्री रजत कुमार सभासद वार्ड न.4, श्री परमजीत सिंह सभासद वार्ड न.5, श्री रमन छाबड़ा सभासद वार्ड न.6, श्री मुकेश कुमार चावला सभासद वार्ड न.7, श्रीमती तबस्सुम सभासद वार्ड न.8, श्री फरदीन सभासद वार्ड न.9, श्रीमती शबाना सभासद वार्ड न.10, श्रीमती विनीता सभासद वार्ड न.11 एवं समस्त पालिका परिवार।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# मणिपुर में सुलगती हिंसा

मणिपुर में सरकार के तमाम दावों के बावजूद हिंसा की घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। सामुदायिक संघर्ष, उग्रवादी संगठनों की बढ़ती सक्रियता और सुरक्षाबलों की उदासीनता से राज्य में कानून-व्यवस्था फिर से पटरी से उतरती प्रतीत हो रही है। ऐसे में शांति कायम करने की दिशा में राजनीतिक इच्छाशक्ति, गंभीरता और संवेदनशीलता का अभाव भी साफ नजर आता है।यही वजह है कि राज्य में उग्रवादियों के लक्षित हमले, आमजन को बंधक बनाने, निर्दोष लोगों की हत्या करने, आगजनी और इन वारदातों के विरोध में सड़कों पर प्रदर्शन की घटनाएं आए दिन सामने आ रही हैं। शुक्रवार को भी कांगपोकपी जिले में एक गांव पर सशस्त्र हमलावरों ने धावा बोल दिया और गोलीबारी में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। सवाल है कि आखिर हिंसा की यह चिंगारी अंदर ही अंदर क्यों सुलगती जा रही है? दरअसल, यह सिर्फ कानून-व्यवस्था की ही समस्या नहीं है, बल्कि आम लोगों में पनप रहा अविश्वास और असुरक्षा की भावना भी इसकी बड़ी वजह है।गौरतलब है कि मणिपुर बीते तीन साल से भी अधिक समय से जातीय हिंसा का दंश झेल रहा है, जिसकी वजह से सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है और हजारों लोग बेघर हो चुके हैं। इस बीच राज्य और केंद्र सरकारों की ओर से हालात पर काबू पाने के लिए कई कदम उठाए गए, लेकिन अपेक्षित नतीजे सामने नहीं आए।हालांकि, पिछले कुछ समय में राज्य में हिंसक घटनाओं में कमी देखी गई, लेकिन इन पर पूरी तरह अंकुश नहीं लग पाया है। राज्य सरकार का दावा है कि हिंसक वारदातों को अंजाम देने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटा जा रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि दोषियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग को लेकर लोग सड़कों पर प्रदर्शन करते नजर आते हैं। यह बात सच है कि केवल सामाजिक मतभेद इतने लंबे समय तक हिंसा को जीवित नहीं रख सकते। असली समस्या तब पैदा होती है जब लोगों का सरकार और प्रशासन पर भरोसा टूटने लगता है। इसलिए जरूरत इस बात की है कि राज्य में उग्रवादी समूहों पर कड़ी नजर रखी जाए, हिंसक घटनाओं में तत्काल कार्रवाई की जाए और आपसी मतभेदों को दूर करने के लिए सरकार स्थायी समाधान तलाशने का प्रयास करे।

# पर्यावरण असंतुलन से जनजीवन पर मंडरा रहा खतरा

पर्यावरण असन्तुलन और पर्वतीय कृषि वर्तमान परिदृश्य मे पर्यावरण असन्तुलन का प्रभाव चहुंओर परिलक्षित हो रहा है। जीव -जंतु मनुष्य कोई भी बदलती जलवायु के दुष्प्रभाव से अछूता नही है। विकास के नाम पर हो रही अनियोजित वृक्षों की कटाई से पर्वतीय लोगों का जनजीवन भी असुरक्षित हो गया है। कृषि की स्थिति भी शोचनीय हो गई है। जहां पहले पहाडों मे हर घर के आगे फल, फूल, हरी सब्जी की बहार रहती थी अब सब तरफ ज्यादातर खरपतवार व शोभाहीन वातावरण दृष्टिगत होता है। समय पर वर्षा का न होना, बर्फ का न पड़ना मौसम की बेरूखी से कृषि कार्य नाममात्र को रह गया हैं, बंदर व अन्य जानवरों के गांव के तरफ पलायन से होने बाले नुकसान से ग्रामीणों की खेती मे अभिरुचि शून्य होती जा रही है। लोग रोजगार की तलाश मे शहरों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। पहाड़ो मे कृषि कार्य वैसे भी अतिश्रम की अपेक्षा करता है, यदि मेहनत के उपरांत इच्छित फसल नही हो पाए, तो ध्यान का भटकाव स्वभाविक है। लोग अन्य विकल्प की ओर अग्रसर हो जाते हैं। परंपरागत खेती से होने बाला अनाज अब बहुत कम मात्रा मे हो रहा है। पुरुष शहरों की ओर जा रहे हैं और महिलाएं कठोर परिश्रम के बावजूद कृषि उत्पादन मे वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीक का प्रयोग न कर पाने के कारण अपेक्षित लाभ प्राप्त करने मे असफल रहती हैं। जंगली जानवरों को पर्याप्त भोजन न मिलने से वे भी ग्रामीण जनमानस को प्रभावित कर रहे हैं।उनका शिकार महिलायें और बच्चे होते रहते हैं। हम सबको यह प्रयास करना होगा कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें। जंगल सुरक्षित रखें जिससे जानवर हमारी खेती को हानि न पहुंचा सके। जानवरों का रिहायशी इलाके की ओर आने का मुख्य कारण उनके रहने, खाने के क्षेत्र मे हमारा प्रवेश। पर्वतीय कृषि को भौगोलिक कारणों से भी नुकसान होता है। जैसे ढलान और ऊंचाई, छोटे छोटे टुकडों मे खेत होना ,कहीं कहीं अत्यधिक ठंडक, आवागमन की असुविधाजनक स्थिति। वर्षा के दिनों मे प्राकृतिक आपदा, मिट्टी का कटाव तथा आर्थिक विकास हेतु कुशल प्रबंधन का अभाव। आज भी पहाड़ मे ऐसे बहुत से क्षेत्र हैं जो मूलभूत सुविधा से वंचित हैं। सरकारी विकास की वहां पहुंच हो जाने पर निश्चय ही सुधार होगा।



**-डॉ. शशि बाला वर्मा**

# पिकअप चालक गिरफ्तार वाहन चीज, क्रूरता पूर्वक ले जा रहा था भैंसे

काशीपुर। पिकअप वाहन में क्रूरता पूर्वक भैंसो को ले जाने पर पुलिस ने पिकअप चालक को गिरफ्तार कर वाहन को सीज कर दिया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि पिकअप वाहन सं. यूपी22एटी-6249 में पांच भैंसो को क्रूरता पूर्वक ले जाया जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चौकिंग के दौरान काशीपुर से रामनगर की तरफ आ रहे पिकअप वाहन को रोक लिया। वाहन चालक मौ. खताड़ी रामनगर निवासी नईम पुत्र मकशूद ने वाहन को अपना बताते हुए वाहन को सोनकपुर समोदिया स्वार निवासी अकलाक हुसैन पुत्र शहादत हुसैन के नाम पंजीकृत होना बताया गया। वाहन को चौक करने पर पुलिस ने देखा कि पांच भैसो को क्रूरता पूर्वक रस्सियो से बांधकर रखा है तथा पशुओ के शरीर मे चोट के निशान भी हैं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 11 (घ), 11 (ड) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम तहत मुकदमा दर्ज करते हुए पिकअप वाहन को सीज कर दिया।

# डंपर की टक्कर से दो गायों की मौत

काशीपुर। डंपर की टक्कर से दो गायों की मौत हो गई। पुलिस ने जिला गौरक्षा प्रमुख की तहरीर पर अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। कचनाल गाजी कूमांयू कालोनी निवासी जिला गौरक्षा प्रमुख ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार की मध्य रात्रि करीब 12.20 बजे एक गाय मानपुर रोड किनारे प्रकाश सिटी के पास खड़ी थी इस दौरान डम्पर सं. एचआर38एडी-4565 के चालक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। वहीं कुछ दूरी पर खड़ी दूसरी गाय को भी डंपर चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना की चपेट में आकर दोनों गायों की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# गोमती नदी में सड़क निर्माण कार्य पर उठाये सवाल,जांच की मांग



बागेश्वर (संवाददाता)। बागेश्वर जनपद में गोमती नदी के किनारे चल रहे एक सड़क निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय लोगों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि नदी क्षेत्र में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के मानकों और न्यायालयों के निर्देशों की अनदेखी करते हुए निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिससे नदी की प्राकृतिक धारा, पर्यावरण और जल स्रोतों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है, वहां गोमती नदी के भीतर पोकलैंड मशीनों का उपयोग कर नदी की धारा को प्रभावित किया गया तथा निर्माण मलबा डंप किए जाने से नदी का स्वरूप बदलने का प्रयास हुआ है। आरोप है कि इससे नदी का पानी मटमैला हो गया है और जलीय जीवों के साथ ही पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचा है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि राज्य सरकार में मंत्री रहते सतपाल महाराज के आश्रम तक सड़क पहुंचाने के उद्देश्य से इस परियोजना पर करोड़ों रुपये का बजट स्वीकृत किया गया। उनका कहना है कि सड़क की लंबाई अपेक्षाकृत कम होने के बावजूद निर्माण कार्य को लेकर पर्यावरणीय मानकों की अनदेखी की गई। लोगों का आरोप है कि स्थानीय स्तर पर विरोध के बावजूद प्रशासन और संबंधित विभागों ने मामले में प्रभावी कार्रवाई नहीं की। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षाकाल निकट होने के बावजूद नदी क्षेत्र में डाला गया मलबा अब भी मौजूद है। उन्हें आशंका है कि बरसात के दौरान नदी का जलस्तर बढ़ने पर यह मलबा बहकर नदी के प्रवाह को प्रभावित कर सकता है, जिससे पर्यावरणीय और भौगोलिक समस्याएं उत्पन्न होने की संभावना है। स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य के दौरान सिंचाई विभाग की नहर और अन्य परिसंपत्तियों को भी क्षति पहुंची है। उनका कहना है कि गोमती नदी के समीप स्थित नहर और ट्यूबवेल क्षेत्र पर भी निर्माण गतिविधियों का असर पड़ा है, लेकिन संबंधित विभागों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि किसी सामान्य व्यक्ति द्वारा नदी क्षेत्र में इस प्रकार का कार्य किया जाता तो तत्काल कार्रवाई होती, लेकिन प्रभावशाली लोगों से जुड़े मामलों में नियमों के पालन को लेकर दोहरे मानदंड दिखाई दे रहे हैं। इसे लेकर प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। हालांकि, सड़क निर्माण से जुड़े विभागीय अधिकारियों का कहना रहा है कि कार्य निर्धारित मानकों और नियमों के अनुरूप कराया जा रहा है तथा पर्यावरणीय प्रावधानों का पालन सुनिश्चित किया गया है। इस बीच स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी, मुख्यमंत्री और राज्यपाल को प्रेषित शिकायतों में पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने, नदी क्षेत्र में किए गए कार्यों की समीक्षा करने तथा गोमती नदी को कथित अतिक्रमण और अवैध डंपिंग से मुक्त कराने की मांग की है।

# आईटीबीपी जवानों को दिया आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण

चम्पावत (संवाददाता)। आगामी मानसून सीजन को देखते हुए जनपद में संभावित आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने और त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में शनिवार को जनपद आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) चम्पावत के तत्वावधान में 36वीं वाहिनी आईटीबीपी लोहाघाट के जवानों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देशों तथा अपर जिलाधिकारी कृष्ण नाथ गोस्वामी एवं जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में आईटीबीपी के 70 जवानों को आपदा प्रबंधन और खोज एवं बचाव कार्यों से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। 36वीं वाहिनी आईटीबीपी परिसर लोहाघाट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जवानों को वाहिनी में उपलब्ध अत्याधुनिक खोज एवं बचाव उपकरणों की कार्यप्रणाली का प्रदर्शन कर उनकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान आपदा की स्थिति में उपकरणों के त्वरित और प्रभावी उपयोग के साथ ही उनके रखरखाव एवं तकनीकी पहलुओं से भी जवानों को अवगत कराया गया। आपदा प्रबंधन के मास्टर ट्रेनर भरत गुसाईं तथा डीडीएमए चम्पावत के सहायक प्रभारी दीपक भट्ट ने जवानों को विभिन्न बचाव उपकरणों के संचालन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि आपदा के समय तकनीकी दक्षता और उपकरणों के सही उपयोग से राहत एवं बचाव कार्यों को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। प्रशिक्षण का उद्देश्य जवानों को ऐसी परिस्थितियों के लिए तैयार करना है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में बिना विलंब के रेस्क्यू ऑपरेशन संचालित किए जा सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 36वीं वाहिनी आईटीबीपी लोहाघाट के कमांडेंट संजय कुमार, ट्रेनिंग ऑफिसर एवं सहायक कमांडेंट अनिल कुमार, सहायक कमांडेंट इंजीनियर गौरव कुमार सहित वाहिनी के अन्य अधिकारी, कार्मिक और जवान उपस्थित रहे।



# चाणक्य पीजी कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता का संकल्प

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय चाणक्य पीजी कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्रबंधन और प्राचार्या द्वारा संयुक्त रूप से पौधरोपण कर किया गया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान में बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। उन्होंने अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने, प्लास्टिक का उपयोग न्यूनतम करने और जल संरक्षण के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर भाषण, पोस्टर प्रदर्शनी और जागरूकता रैली निकालकर लोगों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील होने का संदेश दिया। साथ ही परिसर में चलाए गए स्वच्छता अभियान में भी सभी ने बढ़-चढ़कर श्रमदान किया। चेयरमैन एस.पी. सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण को हमारी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने वायु, जल और भूमि को प्रदूषण मुक्त रखने हेतु प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग पर विशेष बल दिया। मैनेजिंग डायरेक्टर रविंद्र सिंह बिष्ट ने सामाजिक एवं औद्योगिक विकास के साथ-साथ पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने संस्था द्वारा अपनाई जा रही ऊर्जा और जल संरक्षण जैसी पर्यावरण-अनुकूल पहलों की जानकारी दी। प्राचार्या डॉ. दीपाक्षी जोशी ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि एक निरंतर चलने वाली जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों और कर्मचारियों को अपने कार्यक्षेत्र तथा आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए संकल्पित किया। इस अवसर पर प्राध्यापक सलीम अहमद, अनिल कुमार, डॉ. आइशा अमीन, डॉ. हरकमल कौर, डॉ. रुबिना सुलतान, प्रतिभा सिंह, मनप्रीत कौर, उपासना तिवारी, आकांक्षा रघुवंशी, सिद्धि अग्रवाल, हिमानी फुलारा, कमलेश अवस्थी, अनुज सिकदर, मनोज, रामसेवक और दीपक गोस्वामी सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।




# पर्यटन स्वरोजगार योजनाओं से युवाओं को मिलेगा आर्थिक सशक्तिकरण का अवसर

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। राज्य सरकार द्वारा पर्यटन विभाग के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बेरोजगार युवाओं के लिए वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत युवाओं को विभिन्न पर्यटन आधारित गतिविधियों के लिए बैंक ऋण एवं नियमानुसार राज सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। योजना के तहत बस और टैक्सी क्रय, होटल, मोटल, रेस्टोरेंट, फास्ट फूड सेंटर, टेंट आवास, प्रतीकात्मक वस्तुओं के विक्रय केंद्र, मोटर गैराज एवं वर्कशॉप निर्माण, साहसिक पर्यटन उपकरणों का क्रय, योग ध्यान केंद्र, साधना कुटीर निर्माण, पंचकर्म केंद्र, कयाकिंग और नाव क्रय, टेरेन बाइक, कैरावेन और मोटर होम टूरिज्म, एंगलिंग उपकरण, स्टार गेजिंग एवं बर्ड वॉचिंग उपकरण, लॉन्ड्री स्थापना, बेकरी निर्माण, स्मरणीय वस्तुओं के संग्रहालय एवं स्मारिका केंद्र, फ्लोटिंग होटल, ट्रैकिंग उपकरण किराये पर उपलब्ध कराने हेतु केंद्र, हर्बल टूरिज्म तथा क्षेत्रीय आकर्षणों के अनुरूप अन्य अभिनव पर्यटन परियोजनाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत अधिकतम 100 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसमें 87.5 प्रतिशत बैंक ऋण तथा 12.5 प्रतिशत उद्यमी का अंशदान निर्धारित है। इसके साथ ही दीन दयाल उपाध्याय गृह आवास विकास योजना के अंतर्गत पारंपरिक शैली में होम स्टे निर्माण हेतु 30 लाख रुपये तक के ऋण की सुविधा भी उपलब्ध है, जिसमें समान अनुपात में बैंक ऋण और उद्यमी अंशदान का प्रावधान है। पर्यटन विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन ऑनलाइन माध्यम से किया जा सकता है। वीर चंद्र सिंह गढ़वाली योजना के लिए वेबसाइट पर आवेदन किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त मातृ-पितृ तीर्थाटन योजना, उत्तराखंड पर्यटन नीति 2023, उत्तराखंड पर्यटन उद्यमी प्रोत्साहन योजना 2024 तथा साहसिक गतिविधियों से संबंधित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी पर्यटन कार्यालय, निकट विकास भवन एवं दूरभाष संख्या 05944-250838 पर प्राप्त की जा सकती है। सरकार का उद्देश्य इन योजनाओं के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ते हुए राज्य में पर्यटन उद्योग को और अधिक मजबूत बनाना तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करना है।

# दिल्ली होटल अग्निकांड: शेफ केशव नेगी की गिरफ्तारी के बाद उठे सवाल

## गणेश गोदियाल और हरीश रावत ने की हादसे में निष्पक्ष जांच की मांग

नई दिल्ली/देहरादून। दिल्ली के मालवीय नगर स्थित फ्लोरिश स्टेज होटल में हुए भीषण अग्निकांड में 21 लोगों की मौत के बाद पुलिस कार्रवाई को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। मामले में होटल के शेफ केशव नेगी की गिरफ्तारी के बाद उत्तराखंड सहित विभिन्न क्षेत्रों में सवाल उठाए जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी बड़ी संख्या में लोग केशव नेगी को निर्दोष बताते हुए उनके समर्थन में प्रतिक्रिया दे रहे हैं।दिल्ली पुलिस ने होटल में कार्यरत 65 वर्षीय शेफ केशव नेगी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आग लगने के बाद वह घटनास्थल से बाहर निकल आया था। मामले में एक अन्य व्यक्ति को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट, किचन हादसा या तकनीकी खराबी जैसी संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है। साथ ही यह भी सामने आया है कि होटल कथित रूप से फायर एनओसी के बिना संचालित हो रहा था। इस बीच उत्तराखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि अग्निकांड में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति उनकी



संवेदनाएं हैं, लेकिन एक कर्मचारी को बलि का बकरा बनाना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि केशव नेगी एक कर्मचारी के रूप में कार्यरत थे तो पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और सुरक्षा व्यवस्थाओं में हुई चूक तथा वास्तविक जिम्मेदारों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए।गोदियाल ने कहा कि यह प्रश्न किसी एक राज्य के व्यक्ति का नहीं, बल्कि उस भीषण आग और उसके लिए जिम्मेदार लोगों का है। उनके अनुसार होटल के मालिक, प्रबंधन और सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले लोगों की भूमिका की जांच होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि एक छोटे कर्मचारी को दोषी ठहराकर बड़े जिम्मेदार लोगों को बचाने की कोशिश की जा रही है, जिससे दिल्ली पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भी घटना पर दुख जताते हुए कहा कि किसी भी हादसे में न्यायसंगत कार्रवाई आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जांच तथ्यों और सबूतों के आधार पर होनी चाहिए तथा दोषियों की पहचान निष्पक्ष रूप से की जानी चाहिए। रावत ने कहा कि यदि सुरक्षा मानकों की अनदेखी हुई है तो उसके लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए और किसी कर्मचारी को बिना पर्याप्त आधार के दोषी नहीं ठहराया जाना चाहिए।कांग्रेस नेताओं ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कर वास्तविक दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़ित परिवारों को न्याय मिल सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "एक पेड़ माँ के नाम" मिशन के आह्वान के तहत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भाजपा नेता प्रमोद मित्तल एडवोकेट ने आवास विकास स्थित अपने निजी आवास के पास पार्कों में स्वयं और छोटे बच्चों से वृक्षारोपण कराकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।इस अवसर पर उन्होंने ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में भी पेड़ों की निराई-गुड़ाई कर पौधों के संरक्षण के प्रति अपनी सक्रिय भागीदारी का परिचय दिया। उन्होंने छोटे बच्चों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित कर उन्हें प्रकृति से जुड़ने तथा पर्यावरण



संरक्षण का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रेरणा से रुद्रपुर को हरा-भरा और स्वच्छ बनाने का संकल्प हम सभी को मिलकर लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने की जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं, बल्कि हर नागरिक की भी है।उन्होंने कहा कि "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान केवल पौधारोपण नहीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक है, जिसे हर नागरिक को अपनाना चाहिए। इस दौरान अनुराग शर्मा, जसवीर सिंह, सुनील पचौरी, ममता खाती, कुलदीप सिंह, पारस मंडल, दीक्षा अधिकारी, दिव्यांशी,आरव, हन्नी, निशांत, धर्मेश, निकुंज, ऋषि, रोहित सहित अन्य लोगों ने वृक्षारोपण में सहभागिता की।

# गांव में पीलिया का कहर, बासी फास्टफूड पर सबकी नजर!

## एक मौत, 20 से अधिक बच्चों के लिवर में सूजन, तीन में हेपेटाइटिस-ए की पुष्टि

सितारगंज। सितारगंज के नयागांव में बुखार, पेट दर्द और डायरिया के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पीलिया से एक की मौत भी हो गई हैं। इसके अलावा एक निजी अस्पताल में भर्ती तीन बच्चों में हेपेटाइटिस-ए की पुष्टि हुई है, जबकि रैपिड रिस्पांस टीम (आरआरटी) द्वारा लिए गए नमूनों में 20 से अधिक बच्चों के लिवर में सूजन और संक्रमण के लक्षण पाए गए हैं। वहीं, जल संस्थान ने जांच नमूनों में संक्रमण की पुष्टि नहीं की हैं। इसके बाद बाजारी खानपान जैसे फास्ट फूड से संक्रमण फैलने की आशंका जताई जा रही है। नयागांव और आसपास के क्षेत्रों में वायरल हेपेटाइटिस के मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। पीलिया से पीड़ित एक किशोर की दिल्ली में उपचार के दौरान मौत भी हो चुकी है। गांव में 55 से अधिक बच्चे बुखार, पेट दर्द, डायरिया और लिवर संक्रमण जैसी समस्याओं से प्रभावित बताए जा रहे हैं। पांच बच्चों के लिवर में सूजन की पुष्टि होने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उनका उपचार कर आवश्यक दवाइयां वितरित की थीं। शनिवार को भी स्वास्थ्य विभाग की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में सर्वे, जांच और निगरानी अभियान में जुटी रहीं। स्वास्थ्य कर्मियों ने घर-घर जाकर लोगों की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली तथा संदिग्ध मरीजों की पहचान की। उप जिला चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. कुलदीप यादव ने बताया कि नयागांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है। बीमारी के स्रोत का पता लगाने के लिए पानी के नमूनों सहित अन्य जांचें भी कराई जा रही हैं। संभावना है कि संक्रमित फास्टफूड अन्य खाद्य सामग्री से संक्रमण फैल सकता हैं। हालांकि जांच चल रही हैं। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से स्वच्छ पानी पीने, साफ-सफाई रखने और बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेने की अपील की है। जल संस्थान के जेई उज्जवल चौधरी ने बताया कि पानी के नमूने में संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है। नयागांव के अलावा जल संस्थान का पानी अन्य क्षेत्रों में भी आपूर्ति किया जा रहा है। नयागांव के प्रधान अफसर अली ने बताया कि संक्रमित ग्रामीणों के उपचार के लिए हर संभव सुविधा उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# श्री श्याम बाबा का भव्य संकीर्तन महोत्सव आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।श्री श्याम युवा मित्र मंडल द्वारा श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया गया। इससे पूर्व श्री लटूरिया बाबा मंदिर, बरेली रोड से मुखानी श्री खाटू श्याम मंदिर तक निशान यात्रा निकल गई। जिसमें हजारों श्याम भक्तों ने प्रतिभाग किया। सभी श्याम भक्त निशान यात्रा में नंगे पैर निशान लेकर खाटू मंदिर मुखानी तक पहुंचे और यात्रा को सफल बनाया। संस्था अध्यक्ष अंकित पाल ने बताया कि सायंकाल



बाबा के सुंदर-सुंदर भजनों के गुणगान किए गए। जिसमें बाबा को रिझाने आए सौरभ शर्मा ने बाबा ये नैया कैसे डगमग डोली जाए, परविंदर पलक ने करो स्वागत बाबा का, खाटू धाम की माटी, कनिका ग्रोवर ने तेरे दरवाजे पर एक अर्जी छोड़ी है, निहाल ठाकरान ने और पंडित विवेक शर्मा बाबा के सुंदर भजनों के गुणगान किए। कार्यक्रम में संस्था के संजीव कश्यप, रतन चोहान, सोनू बेलबाल, हर्षित पाल, कमल पाल, अनिल पाल, ललित पांडेय, सनी कपूर, रामू गुप्ता, राजू प्रजापति, वाशु नाथ गोस्वामी, पल्लवी गोयल, चंदन जोशी, कमल गोयल, नीरज मिश्रा, मयंक जोशी मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष...

**अल्मोड़ा का लाल....**पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनके पैतृक जनपद अल्मोड़ा भेजा जाएगा, जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने भी लेफ्टिनेंट बीरेश्वर गोस्वामी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। शहीद की वीरता और समर्पण को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्र उनकी सेवा और बलिदान का सदैव ऋणी रहेगा। अल्मोड़ा जिले में शहीद की खबर पहुंचने के बाद लोगों में शोक व्याप्त है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी शहीद को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा कि सैन्यभूमि उत्तराखंड के वीर सपूत, अल्मोड़ा निवासी लेफ्टिनेंट बीरेश्वर गोस्वामी जी ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान मातृभूमि की सेवा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है। माँ भारती की सेवा के प्रति उनका समर्पण, अदम्य साहस और कर्तव्यनिष्ठा सदैव देशवासियों को प्रेरित करती रहेगी। ईश्वर से प्रार्थना है कि पुण्यात्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोकाकुल परिजनों को यह असीम कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

**सेल्फी लेते समय गंगा मे....**गाजियाबाद निवासी 43 वर्षीय आशीष जैन परिवार के साथ गंगा किनारे सेल्फी ले रहे थे। बताया जा रहा है कि सेल्फी लेने के दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वह सीधे गंगा के तेज बहाव में जा गिरे। नदी का बहाव अधिक होने के कारण उन्हें संभलने का मौका नहीं मिला और देखते ही देखते वह पानी में बह गए। घटना उनकी पत्नी और मासूम बेटी के सामने हुई, जिससे परिवार में चीख पुकार मच गई। होटल कर्मचारी उपेंद्र राणा ने बताया कि हादसा इतना अचानक हुआ कि आसपास मौजूद लोग कुछ समझ ही नहीं पाए। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई, जिसके बाद बछेलीखाल चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीआरएफ को भी बुलाया गया। एसडीआरएफ की टीम ने अंधेरा होने के बावजूद गंगा नदी में राफ्ट उतारकर सर्च अभियान शुरू किया। पुलिस और राहत बचाव दल नदी के बहाव वाले क्षेत्र में लगातार खोजबीन कर रहे हैं। चौकी प्रभारी दीपक लिंगवाल ने बताया कि लापता पर्यटक की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है। घटना की जानकारी उनके परिजनों को दे दी गई है। परिवार के अन्य सदस्य और रिश्तेदार ऋषिकेश पहुंच रहे हैं। पुलिस के अनुसार आशीष जैन गाजियाबाद की एक निजी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। घटना के बाद परिवार और साथ आए पर्यटकों का रो रोकर बुरा हाल है।

**नदी में गिरी चारधाम यात्रियों....**हुए वाहन में फंसे सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हालांकि दो महिला यात्रियों को हाथ पैर में फ्रैक्चर सहित गंभीर चोटें आई हैं। चालक सहित अन्य तीन यात्रियों को भी चोटें लगी हैं। सभी घायलों को खाई से बाहर निकालकर 108 एंबुलेंस के माध्यम से जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग भेजा गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। घायलों में प्रिंस सिंह (30) निवासी पलामू, झारखंड, सभीमा सिंह (28) निवासी पश्चिम बंगाल, सुजोन मुखर्जी (27) निवासी राजगंज, जलपाईगुड़ी, ऋजा मुखर्जी (30) निवासी राजगंज, जलपाईगुड़ी तथा वाहन चालक प्रदीप कुमार (35) निवासी औरैया, उत्तर प्रदेश शामिल हैं। पुलिस और राहत एजेंसियों की त्वरित कार्रवाई के चलते सभी यात्रियों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

**तीन घंटे में दबोचा...**18 ए 0797 अस्पताल के बाहर खड़ी की थी, जिसे अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली बाजपुर में तत्काल मुकदमा दर्ज किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, पुलिस अधीक्षक काशीपुर तथा क्षेत्राधिकारी बाजपुर के निर्देशन में घटना के खुलासे के लिए विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का गहनता से परीक्षण किया तथा संदिग्धों की तलाश शुरू की। पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के चलते घटना दर्ज होने के मात्र तीन घंटे के भीतर आरोपी को लेवड़ा पुल के पास से चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान अजय उर्फ हरीश पुत्र हरगोविंद निवासी पीडब्ल्यूडी कॉलोनी, बाजपुर के रूप में हुई। आरोपी की उम्र 23 वर्ष बताई गई है। उसके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोत्तरी करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना के सफल खुलासे में उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह मनराल, कांस्टेबल जरनैल सिंह तथा कांस्टेबल मोहम्मद इरफान की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि जनपद में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

**मंदिरों में हुई....** दो कलश, एक गदा, तीन त्रिशूल, गुंबद पर लगने वाले दो कलश, 17 घंटियां व 15 हजार 420 की नकदी बरामद कर ली। पुलिस फरार आरोपी सन्नी व मोईन की तलाश में जुटी है। पुलिस टीम में कोतवाल हरेन्द्र चौधरी, एसएसआई नवीन बुधानी, कटोराताल चौकी इंचार्ज मीना रावन, एएसआई प्रकाश बारो, कां. गौरव सनवाल, महेन्द्र देवड़ी आदि शामिल रहे।

**चारधाम यात्र मार्ग पर...**पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया तथा स्थानीय प्रशासन और अन्य आपातकालीन एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर राहत एवं बचाव कार्य संचालित किया। दुर्घटना के बाद कुछ समय के लिए राजमार्ग पर यातायात प्रभावित रहा, जिसे बाद में सामान्य कर दिया गया। पुलिस और प्रशासन दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटे हैं। प्रारंभिक तौर पर ब्रेक फेल होना हादसे की वजह माना जा रहा है।

**काम बोला देश ने सराहा....**में इस उपलब्धि को न केवल नितिन सिंह भदौरिया की व्यक्तिगत सफलता, बल्कि उत्तराखंड की सशक्त प्रशासनिक कार्यसंस्कृति और सुशासन मॉडल की राष्ट्रीय स्तर पर मिली स्वीकृति के रूप में देखा जा रहा है। यह सम्मान आने वाले समय में अन्य अधिकारियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा कि जनता के लिए किया गया ईमानदार और प्रभावी कार्य अंततः अपनी पहचान स्वयं बना लेता है।




# महिलाओं के गले से चेन चोरी का शीघ्र खुलासा करने की मांग

रामनगर (संवाददाता)। नगर में 25 मई को आयोजित कलश यात्रा के दौरान चार महिलाओं के गले से सोने की चेन चोरी होने तथा कई लोगों की जेब कटने की घटना का अब तक खुलासा न होने पर व्यापारियों और पीड़ित परिवारों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई है। रविवार को इस संबंध में कोसी रोड स्थित रामलीला परिसर में व्यापारियों और पीड़ित परिवारों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें घटना के शीघ्र खुलासे की मांग उठाई गई। बैठक में व्यापारियों ने कहा कि कलश यात्रा जैसे धार्मिक आयोजन के दौरान अज्ञात चोरों द्वारा चार महिलाओं के गले से लाखों रुपये मूल्य की सोने की चेन चोरी कर ली गई थी। इसके अलावा कई महिलाओं और पुरुषों की जेब भी काट ली गई थी। घटना को करीब 15 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस अभी तक आरोपितों तक नहीं पहुंच सकी है, जिससे लोगों में असंतोष बढ़ रहा है। बैठक की सूचना मिलने पर कोतवाल सुशील कुमार स्वयं रामलीला परिसर पहुंचे और व्यापारियों तथा पीड़ित परिवारों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि पुलिस घटना के खुलासे के लिए लगातार गंभीरता से कार्य कर रही है। विभिन्न पहलुओं पर जांच चल रही है और जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने लोगों से पुलिस का सहयोग करने की अपील भी की। इस दौरान व्यापारियों ने कहा कि नगर में लगातार चोरी और जेबकतरी की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे व्यापारियों और आम नागरिकों में भय का माहौल है। उन्होंने बाजार क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने, संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखने तथा अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर चेन चोरी की घटना का खुलासा नहीं हुआ तो पुनः एक वृहद बैठक आयोजित कर आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि आम जनता की सुरक्षा और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस को और अधिक सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड) से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# बेहड़ ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं, सड़क का किया लोकार्पण





किच्छा (संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने रविवार को ग्राम जीरो बांदा स्थित गुरुद्वारे में मत्था टेककर ग्रामीण जनसंवाद कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने जीरो बांदा, चीमा लेन, प्रधान लेन, दीवान झाला, बंगाली कॉलोनी और कोटखर्रा क्षेत्र का भ्रमण कर ग्रामीणों से संवाद किया तथा उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान विधायक बेहड़ ने अपनी विधायक निधि से लगभग पांच लाख रुपये की लागत से निर्मित सड़क का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में बेहतर सुविधा मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, विद्युत तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। विधायक ने अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर समाधान कराया, जबकि शेष समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के लिए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि नजीमाबाद ग्राम सभा एवं आसपास के क्षेत्रों में उनके प्रयासों से अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने बताया कि लगभग पांच करोड़ रुपये की लागत से नजीमाबाद स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जबकि क्षेत्र में कई सड़क निर्माण कार्य भी पूरे किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र का कोई गांव या कस्बा ऐसा नहीं है जहां विकास कार्य न कराए गए हों। उन्होंने कहा कि पिपलिया चौराहे से सड़क चौड़ीकरण और किच्छा में स्टेडियम निर्माण उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल हैं। इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को पूरा कराने के लिए वह लगातार प्रयासरत हैं और जनता के सहयोग से इन कार्यों को भी शीघ्र धरातल पर उतारा जाएगा। विधायक बेहड़ ने ग्रामीणों से आगामी जनगणना के दौरान अपनी सही सामाजिक एवं आवासीय जानकारी दर्ज कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि सही आंकड़ों के आधार पर ही लोगों को सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ मिल पाता है। साथ ही उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया। विभिन्न गांवों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक तिलक राज बेहड़ का फूल मालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य प्रेम आर्य, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गुलशन सिंधी, राजेश प्रताप सिंह, बलवंत सिंह, सुरजीत सिंह, मेजर सिंह, भजन सिंह, बलबीर सिंह, बलदेव सिंह, लखविंदर सिंह, प्रेम, सपन मंडल, धनंजय, उत्तम दत्ता, विक्रम कोरंगा, योगी, रक्षपाल सिंह, तलविंदर सिंह, भगवान सिंह, राजू, मनीष, विश्वजीत सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता

डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश



Guru Maa Enterprises
RUDRAPUR - 9927882338, KASHIPUR- Ramnagar Road 8791989500, Cheema Chauraha 9927813555, HALDWANI - Tikonia 9997207007, Pilikothi 9690256666, 8126564216, HARIDWAR - 9761699704, MORADABAD - Civil Lines-7500839146, Punjab Electronics - 9837040878, GEE AAR Elc- 9719077772, Hitesh Electricals- 9897894211, Bunty Mobile- 7500000266, SAMBHAL - Aiaza Mart- 9837254639, GADARPUR - Gurunanak Enterprises, 9927850999, KICHHA - Deepak Eletronics 7017575920, ALMORA - Gupta Electronics 7895887544, LALKUAN - New Radhe Radhe 8923493000, PITHORAGHRH - Shiva Enterprises 9760633187, KOTDWAR - Shree Keshav Electronics- 9205867411, PANIPAT - 8607964000, KARNAL- 8684077000.

## भाजपा नेता अजय तिवारी ने खोला नया कार्यालय

किच्छा (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय तिवारी ने किच्छा विधानसभा क्षेत्र को अपना राजनीतिक केंद्र बनाते हुए रुद्रपुर रोड स्थित पावर हाउस के सामने अपने नए कार्यालय का शुभारंभ किया। कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, समर्थक और क्षेत्रवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम धार्मिक वातावरण में संपन्न हुआ, जहां सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालुओं और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अजय तिवारी ने बताया कि क्षेत्र की सुख समृद्धि, शांति और विकास की कामना को लेकर उन्होंने 108 हनुमान चालीसा पाठ कराने का संकल्प लिया है। इसी क्रम में कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर 30वें हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अजय तिवारी ने कहा कि किच्छा विधानसभा क्षेत्र उनकी प्राथमिकता है और वह लगातार जनता के बीच रहकर क्षेत्र की समस्याओं के समाधान, विकास कार्यों को गति देने तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक और सामाजिक गतिविधियां समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं तथा लोगों को आपसी भाईचारे और एकता के सूत्र में बांधने का कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि कार्यालय के माध्यम से क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। जनता और कार्यकर्ताओं के साथ नियमित संवाद स्थापित कर क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने अजय तिवारी को शुभकामनाएं देते हुए उनके सामाजिक एवं राजनीतिक प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया तथा क्षेत्र की उन्नति, खुशहाली और विकास के लिए सामूहिक प्रार्थना की गई। इस अवसर पर लवी सहगल, दिनेश भाटिया, वरिष्ठ भाजपा नेता ईश्वरी प्रसाद गंगवार, शैली फुटेला, विवेक सक्सेना, डॉ. ए.के. गुप्ता, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह, अनिल अग्रवाल, राम अवतार अग्रवाल, शोभित शर्मा, प्रेमलता चौहान सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।





## कॉर्बेट एफसी उत्तराखंड ने जीता खिताब

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। एमेनिटी स्पोर्ट्स एकेडमी मैदान में उत्तराखंड स्टेट फुटबॉल लीग 2025-26 का भव्य समापन हुआ। रोमांचक फाइनल में कॉर्बेट एफसी उत्तराखंड ने बाजी मारकर खिताब अपने नाम किया और आई-लीग 3 के लिए क्वालिफाई कर लिया। यह राज्य के लिए गौरव की बात है। फाइनल में कड़ा मुकाबला हुआ। एमेनिटी एफए उपविजेता रही, जबकि एफसी कुमाऊं ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि राजीव मेहता, पूर्व अध्यक्ष भारतीय ओलंपिक संघ एवं एशियन फेंसिंग कन्फेडरेशन के महासचिव ने सभी विजेता खिलाड़ियों व टीमों को ट्रॉफी व मेडल वितरित किए। उन्होंने कॉर्बेट एफसी को आई-लीग 3 में शुभकामनाएं दीं और कहा कि उत्तराखंड का फुटबॉल अब राष्ट्रीय मंच पर दस्तक दे रहा है। व्यक्तिगत पुरस्कार प्राप्त करने वालों में बेस्ट प्लेयर: नवीन रावत कॉर्बेट एफसी, टॉप स्कोरर पार्वेश बिष्ट, बेस्ट गोलकीपर रोहित कुमार, इमर्जिंग प्लेयर आभास एमएस गणेशन, वैल्यूएबल प्लेयर सोइबाम अर्जुन सिंह, फेयर प्ले अवॉर्ड मनोज सरकार फुटबॉल क्लब शामिल थे। इस मौके पर विशेष अतिथि सूबेदार मेजर शैलेंद्र मोहन बिष्ट, जी आर सी लैंसडौन, यू एस एफ ए मानद सचिव अख्तर अली, सी एफ सी उत्तराखंड निदेशक सुभाष अरोड़ा व एमेनिटी स्पोर्ट्स एकेडमी निदेशक निखिल अरोड़ा भी मंच पर उपस्थित रहे। यू एस एफ ए ने आगामी सत्र में महिला लीग शुरू करने की घोषणा की।

